राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर
(जी–3, राजमहल पैलेस रेजिडेन्शियल एरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम जयपुर–302013)
(टैलीफैक्स–0141–2222403, ई–मेल–dlbrajasthan.gmail.com वेब साईट www.lsgraj.org)

क्रमांकः–प.1(ग)( )का/एसएमई/एलएसजी/18/ 3639-3729 दिनांक :– 14/5/18

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी
नगर निगम/परिषद/ पालिका
समस्त।

विषयः–सफाई कर्मचारी भर्ती हेतु प्रमाण पत्र की रसीद के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र मान्य माने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सफाई कर्मचारी भर्ती हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 15.5.18 नियत है। विभाग के यह ध्यान में लाया जा रहा है कि आवेदकों के जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण पत्र जारी किये जाने के काफी प्रकरण लंबित चल रहे है।

ऐसी स्थिति में आवेदको द्वारा जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त रसीद की छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर आवेदन पत्र मान्य होंगें लेकिन आवेदकों को दिनांक 8.6.18 तक मूल दस्तावेज संबंधित नगरीय निकाय में चैक करवाने होगे एवं सत्यापित छायाप्रति जमा करवानी होगी, उक्त तिथि तक मूल दस्तावेज चैक नही करवाये जाने एवं सत्यापित प्रति प्रेषित नही किये जाने पर उक्त आवेदन को निरस्त किया जावेगा एवं लाटरी प्रकिया में सम्मिलित नही किया जावेगा।

(पवन अरोडा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

Sanjeev/letter 1658